# स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन (11.10.2025)




माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया श्रीमती आनंदी बेन पटेल की प्रेरणा से एवं विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रो० विनय कुमार पाठक के मार्गदर्शन में आज दिनांक 11 अक्टूबर 2025, दिन शनिवार को छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर के स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेस विभाग के द्वारा ग्राम रसूलपुर विकास खण्ड बिल्हौर कानपुर नगर के प्राथमिक विद्यालय में एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में गाँव के बुजुर्ग, बच्चे, महिलाएँ एवं पुरूष का फिजियोथेरपी परीक्षण, नेत्र परीक्षण, रक्तचाप परीक्षण एवं पोषण संबंधी मूल्यांकन किया गया तथा रोगों से बचने के उपाय बताए गए।




इस शिविर का प्रारंभ संस्थान के निदेशक डॉ० मुनीश रस्तोगी के नेतृत्व में तथा प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर की प्रधानाचार्या सुश्री नीलम कनौजिया एवं ग्राम प्रधान श्री अरविंद पाल के सहयोग से संपन्न हुआ। स्वास्थ्य शिविर में फिजियोथेरेपी परीक्षण हेतु संस्थान के सहायक आचार्य श्री अमिल अग्रवाल, श्री विनय कुमार शाह, नेत्र परीक्षण हेतु संस्थान के सहायक आचार्य श्री विश्वदीप मिश्रा, श्री दयाशंकर रस्तोगी,



पोषण संबंधी मूल्यांकन हेतु सुश्री आमिना जैदी तथा सामान्य परीक्षण हेतु शोध छात्रा सुश्री दीपानिता अवस्थी एवं संस्थान के विभिन्न विभागों के छात्र–छात्रायें के सहयोग से सम्पन्न हुआ।




इस शिविर में 100 से अधिक ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों के वजन एवं लम्बाई माप के आधार पर पोषण मूल्यांकन किया गया तथा उनको उचित खानपान एवं मौसम के साथ ऋतु फलों के सेवन पर ध्यान देने को प्रेरित किया गया। बुर्जुगों के शरीर में भौतिक परीक्षण एवं रक्तचाप परीक्षण के माध्यम से उन्हें उपचार एवं शारीरिक व्यायाम के तरीके बताये गये ताकि उन्हें बढ़ती उम्र एवं शारीरिक परिवर्तन से पड़ने वाले प्रभावों से बचाव किया जा सके। इसमें बच्चों एवं बुजुर्ग के नेत्रों का परीक्षण किया गया जिसमें नजदीक और दूर दृष्टि के मूल्यांकन के आधार पर चश्में का पावर बताया गया, वर्णान्धिता का परीक्षण किया गया तथा रक्तचाप एवं मधुमेह से होने वाले आँख के दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराया गया तथा उसके बचाव के लिये उपाय बताये गये।








